भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 918

दिनांक 30 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

मणिपुर में लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर दंगों का प्रभाव

918 श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (स्वास्थ्य देखभाल सुविधा और स्टाफिंग) के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यान्वयन पर मणिपुर का अन्य राज्यों की तुलना में कौनसा स्थान है;

(ख) वहाँ चल रहे दंगों और हिंसा का मणिपुर में लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभाव को दूर करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) मणिपुर और कश्मीर सहित देश में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की राज्य-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी, 2021-22 के अनुसार, भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा और स्टाफिंग) के अनुसार मणिपुर में अन्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की तुलना में स्वास्थ्य सेवाओं का विवरण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लोकेटर (यूआरएल) पर निम्नानुसार उपलब्ध है:https://main.mohfw.gov.in/sites/default/files/RHS%202021-22_2.pdf

(ख) मणिपुर राज्य ने सूचित किया है कि मणिपुर में जनसंख्या के मानसिक स्वास्थ्य पर चल रहे संघर्ष और हिंसा के प्रभाव को दूर करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं:

- मई 2023 में संकट की शुरुआत के बाद से, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) के तहत जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (डीएमएचपी) टीम नियमित रूप से आवश्यकतानुसार निर्धारित दौरे करती है।
- राहत शिविरों के लिए नियुक्त नामित चिकित्सा अधिकारियों, जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा पुनः निरीक्षण, निकटतम डीएमएचपी ओपीडी के माध्यम से, तथा 24/7 उपलब्ध टोल-फ्री टेली मानस मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन "14416" के माध्यम से रोगियों की अनुवर्ती देखभाल की योजना बनाई गई है।
- मानसिक स्वास्थ्य टीम के नियमित दौरों के अलावा, विशेष आउटरीच स्वास्थ्य शिविर, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम, तनाव प्रबंधन संबधित लक्षित हस्तक्षेप कार्यक्रम, आत्महत्या रोकथाम कार्यक्रम और कुछ राहत शिविरों में योग सत्र आयोजित किए जाते हैं।
- आत्महत्या के उच्च जोखिम वाले लोगों को आत्महत्या रोकथाम परामर्श दिया जाता है तथा परिवार और शिविर स्वयंसेवकों को मनोशिक्षा के साथ-साथ बारीकी से अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है।
- किशोरों के लिए व्यक्तिगत और समूह परामर्श के रूप में हस्तक्षेप, मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी कार्यक्रम, खेल चिकित्सा, चित्रकारी, तथा छोटे बच्चों के लिए कविता पाठ और गायन जैसे मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, साथ ही उनमें से कुछ में संवादात्मक सत्र और दवा भी दी जाती है।

(ग) मणिपुर और जम्मू और कश्मीर सहित एनएचएम के अंतर्गत डीएमएचपी इकाइयों में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची **अनुलग्नक** पर दी गई है।

*****

दिनांक 30.07.2024 को उत्तर के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 918 के उत्तर के भाग (ग) से संदर्भित

अनुलग्नक

अनुलग्नक

एनएचएम के अंतर्गत डीएमएचपी इकाइयों में मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची

क्रम सं	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	कुल मनोचिकित्सक/ प्रशिक्षित एम.ओ.	क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक/ प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों की कुल संख्या	मनोरोग नर्सों/ मनोचिकित्सा में प्रशिक्षित नर्सों की कुल संख्या	कुल मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता/मनोचिकित्सा में प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकर्ता
1	अंडमान और निकोबार	2	2	0	3
2	आंध्र प्रदेश	16	7	11	21
3	अरुणाचल प्रदेश	9	5	7	6
4	असम	33	19	3	18
5	बिहार	31	13	38	6
6	चंडीगढ़	0	1	1	1
7	छत्तीसगढ़	32	21	14	23
8	दिल्ली	1	1	2	2
9	दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव	7	5	12	2
10	गोवा	3	1	0	1
11	गुजरात	108	54	274	46
12	हरियाणा	42	19	21	15
13	हिमाचल प्रदेश	31	19	24	12
14	झारखंड	40	16	31	13
15	कर्नाटक	261	32	29	37
16	केरल	30	9	49	58
17	लद्दाख	4	2	1	2
18	लक्षद्वीप	1	2	9	4
19	मध्य प्रदेश	49	15	51	0
20	महाराष्ट्र	26	29	30	40
21	मणिपुर	30	9	26	14
22	मेघालय	11	7	8	10
23	मिज़ोरम	3	9	8	9
24	नागालैंड	5	11	4	11
25	उड़ीसा	61	31	10	30
26	पुद्दुचेरी	1	1	1	1
27	पंजाब	43	8	65	28
28	राजस्थान	32	0	16	0
29	सिक्किम	4	4	0	3
30	तमिलनाडु	72	33	8	34
31	तेलंगाना	43	11	36	7
32	त्रिपुरा	18	1	191	3
33	जम्मू और कश्मीर	8	11	9	9
34	उत्तर प्रदेश	75	61	60	61
35	उत्तराखंड	13	7	0	13
36	पश्चिम बंगाल	33	37	9	22
	कुल	**1178**	**513**	**1058**	**565**